आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–31 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिये कल सुबह सात बजे से शाम छः बजे तक मतदान होगा। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। आज देर शाम तक सम्बन्धित लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गयीं। सुबह दस बजे से ही जिला मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। उन्हें ईवीएम और वीवीपैट समेत गर्मी से बचाव के लिये जरूरी दवाइयां भी उपलब्ध करायी गयीं। अन्तिम चरण में प्रदेश की जिन तेरह लोकसभा सीटों पर कल मतदान होना है उनमें– महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज शामिल है। इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये कुल एक सौ चौवालीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें एक सौ चौतीस पुरूष और दस महिला प्रत्याशी शामिल हैं। प्रदेश में आखिरी चरण में सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के मतदान को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये आज मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गयीं हैं। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों और मतदेय स्थलों पर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं।

****

प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण के लिये कल होने वाले मतदान को लेकर आज विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। निर्वाचन आयोग की ओर से भी निरंतर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। आयोग की पहल पर प्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की ओर से भी मतदाताओं के मोबाइल पर वायस संदेश के जरिये मतदान की अपील की जा रही है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आखिरी चरण के मतदाताओं से बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए बूथों पर छाया के साथ ही सुरक्षा के अन्य इंतजाम भी किये गये हैं। मतदाता अपने निजी वाहन या ऑटो, टैक्सी से भी बूथ के दो सौ मीटर के पास तक जा सकते हैं।

लोगसभा समान्य निर्वाचन 2024 के 7 चरण में एक जून को उत्तर प्रदेश के 13 लोगसभा निर्वाचन क्षेत्रों मतदान होगा। इन क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

****

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले फैल रही अफवाहों को खारिज किया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढने से जुडी अफवाह देशभर में फैल रही है। इन दावों को खारिज करते हुए श्री राजीव कुमार ने कहा कि कोई भी मतदान प्रतिशत नहीं बढा सकता है क्योंकि उम्मीदवारों और एजेन्टों को फॉर्म 17–सी की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाती है, जिसमें मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड होता है। वोटों से छेडछाड से जुडी अफवाहों पर श्री कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत के आंकडों और ई वी एम की सभी जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दी है।

****

सरकार ने सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को बीस लाख से बढाकर पच्चीस लाख रुपये कर दिया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक ज्ञापन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि संशोधित सीमा एक जनवरी दो हजार चौबीस से लागू होगी।

****

पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों को कल रात कुछ स्थानों पर हुई बूंदाबादी से लेकर हल्की वर्षा से राहत मिली है। गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में कल शाम से लेकर आज सुबह तक तेज हवा चलने और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की खबर है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। कौशाम्बी में भी मौसम के बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत प्रदेश के कुछ जिलों में तेज हवा और गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने की उम्मीद है।

उधर, कल पड़ी भीषण गर्मी ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिये। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में झांसी में अधिकतम तापमान उन्चास डिग्री सेल्सियस पहुंचने के बाद पिछला रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले उन्नीस सौ चौरासी में झांसी में अधिकतम तापमान अड़तालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी तरह प्रयागराज में कल अधिकतम तापमान अड़तालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले जून उन्नीस सौ उन्यासी में इतना तापमान प्रयागराज में दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि तापमान में अब और बढ़ोत्तरी नहीं होगी, बल्कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में कमी आयेगी।

****